दिन– बुधवार दिनांक– 21/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार का महत्वपूर्ण फैसला – अटल पेंशन योजना को मिला अवधि विस्तार। दो हजार इकतीस तक रहेगी जारी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के तहत आज सारण जिले में पांच सौ अड़तीस करोड़ रूपये की उनसठ विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

03. विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा – पारदर्शिता, निगरानी और नागरिक सहभागिता लोकतंत्र का मजबूत आधार है।

04. और, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – राज्य में बंद पड़ी सभी चीनी मिलें चालू की जायेंगी। रोजगार के लिए किसी को प्रदेश से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं।

---

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज अटल पेंशन योजना को दो हजार तीस–इकतीस तक जारी रखने के साथ ही प्रचार और विकासात्मक गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। इस योजना के अंतर्गत अब तक आठ करोड़ छियासठ लाख से अधिक लाभार्थी पंजीकृत हो चुके हैं। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में यह लिया गया। यह योजना मई 2015 में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था में आय सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। यह योजना 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद प्रति माह एक हजार से पांच हजार रुपये तक की न्यूनतम गारंटीकृत पेंशन प्रदान करती है, यह लाभार्थी के योगदान पर निर्भर करती है। सरकार ने लघु उद्योग विकास बैंक दृ एसआईडीबीआई को पांच हजार करोड़ रुपये की पूंजीगत सहायता राशि स्वीकृत की है। इससे, 25 लाख 74 हजार से अधिक सूक्ष्म और लघु उद्योगो से जुड़े लाभार्थियों को फायदा मिलने की आशा है। अंकित और दीपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ मैं जागृति शर्मा।

---

इधर, राज्य सरकार ने बुर्जुर्गों, दिव्यांगों और विधवाओं को बड़ी राहत देते हुए जीवन प्रमाण पत्र नहीं जमा करने की स्थिति में भी सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भुगतान जारी रखने का फैसला किया है। समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि किसी कारण जीवन प्रमाणिकरण नहीं जमा कर पाने की स्थिति में भी लाभार्थियों का पेंशन बंद नहीं किया जाएगा।

–––बाइट–––

विभाग की प्रधान सचिव वंदना प्रेयसी ने कहा कि बुर्जुर्गों को राहत के लिए पंचायत और प्रखंड स्तर पर विशेष शिविर लगाया जाएगा।

---बाइट---

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के तहत आज सारण जिले को पांच सौ अड़तीस करोड़ रूपये की विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात दी। श्री कुमार ने जिले की चौबीस विकास योजनाओं का उद्घाटन और पैंतालीस योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान श्री कुमार ने जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की एनडीए सरकार हरेक क्षेत्र में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गंभीर प्रयास कर रही है।

---बाइट---

मुख्यमंत्री ने यात्रा के दौरान छपरा में जीविका सिलाई केंद्र, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान–आईटीआई तथा अन्य विकास स्थलों का निरीक्षण भी किया।

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य के लोगों को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के दौरान छपरा में सभा को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि प्रदेश में बड़े पैमाने पर उद्योग स्थापित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बंद पड़ी सभी चीनी मिलें फिर से खोली जायेंगी। श्री चौधरी ने कहा कि बिहार के युवाओं को अपनी जगह पर ही काम मिले इसके लिए देश की सबसे बेहतरीन औद्योगिक नीति लागू की गयी है।

---बाइट---

---

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा है कि पारदर्शिता, निगरानी और नागरिक सहभागिता लोकतंत्र का मजबूत आधार है। श्री कुमार आज उत्तर प्रदेश विधानसभा में आयोजित तीन दिवसीय छियासीवां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष ने जनता के प्रति विधायिका की जवाबदेही को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि विधायिका की उत्तरदायित्व पूर्ण भूमिका से ही लोकतंत्र सुदृढ़ होता है।

---

भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने आज नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की। बैठक का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और भविष्य की रणनीति तैयार करना है। इस दौरान राष्ट्रीय पदाधिकारियों, विभिन्न प्रदेशों के पार्टी अध्यक्ष और अन्य सांगठनिक जिम्मेदारों के साथ पश्चिम बंगाल, असम, केरल समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव समेत विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी। श्री नबीन कल औपचारिक रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की शपथ लेने के बाद सरकार और संगठन के बीच समन्वय के प्रयासों के तहत लगातार बैठक कर रहे हैं।

---

राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर आज प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बिहार इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन के पटना स्थित सभागार में कौशल विकास पर मंथन कार्यक्रम के तहत **"बिल्ड द स्किल"** कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध स्टार्टअप मेंटर और एजेंल के प्रतिनिधियों समेत उद्योग जगत की कई हस्तियां शामिल हुयीं। बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रामलखन खंडेलवाल ने कहा है कि राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में स्टार्टअप की अहम भूमिका होगी। मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध स्टार्टअप मेंटर एवं एंजेल इन्वेस्टर हरि बाल सहुश्रुम ने कहा कि वर्ष दो हजार छब्बीस तक भारत में स्टार्टअप्स की संख्या दो लाख से अधिक हो चुकी है। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप्स के माध्यम से देश में अब तक इक्कीस लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं।

---

केंद्र सरकार ने बताया है कि सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत चार करोड़ तिरेपन लाख से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं, जिनमें जमा राशि तीन लाख तैंतीस हजार करोड़ रुपये से अधिक है। यह योजना जनवरी दो हजार पंद्रह में **बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान** के अंतर्गत शुरू की गई थी। इस छोटी बचत योजना के अंतर्गत आठ दशमलव दो प्रतिशत की ब्याज दर है। योजना में बालिका के जन्म से दस वर्ष की आयु तक खाता खोला जा सकता है। सुकन्या समृद्धि योजना लाखों बालिकाओं के लिए आशा और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बन गई है।

---

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि बूथ स्तरीय अधिकारी, देश में चुनाव आधारित लोकतांत्रिक व्यवस्था के स्तंभ हैं। नई दिल्ली में आज आयोजित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने भारत को लोकतंत्र की जननी बताया।

———बाइट———

प्रत्येक पात्र मतदाता को शामिल करते हुए निष्पक्ष मतदाता सूची बनाए रखना लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए जरूरी है क्योंकि इसके जरिए सभी चुनाव निष्पक्ष तरीके से होते हैं।

---

पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा है कि घूसपैठिये हमारी सामाजिक और आर्थिक विकास की राह में बड़ी बाधा हैं। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री प्रकाश ने कहा कि गलत तरीके से आये हुए लोग देश के संसाधनों पर अपना अधिकार नहीं जता सकते। उन्होंने कहा कि इनके कारण देशवासियों के बीच संसाधनों की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

———बाइट———

---

बिहार प्रदेश कांग्रेस समिति के वरीय नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक कल नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस विधायक दल के नेता का चयन समेत प्रदेश कांग्रेस से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में पार्टी के सभी नवनिर्वाचित विधायक और वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

---

भागलपुर जिले के सुल्तानगंज में राज्य का पहला शिव कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसे लेकर जमीन आवंटन का मामला सुलझ गया है। जिला प्रशासन ने उज्जैन और वाराणसी की तर्ज पर रेलवे की चिन्हित जमीन पर ही कॉरिडोर निर्माण का निर्णय किया है। इसके बदले रेलवे को गंगा किनारे बरारी, जगदीशपुर और सुल्तानगंज में तीन अलग–अलग भूखंड दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने राजस्व एंव भूमि सुधार विभाग के सचिव को निःशुल्क भूमि स्थानांतरण के लिए पत्र भेजा है। विभाग की मंजूरी के बाद जमीन की बदलैन का कार्य किया जाएगा।

---

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण राज्य के उत्तर–मध्य और दक्षिण–मध्य भागों में कई स्थानों पर मौसम में परिवर्तन हुआ है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान इन क्षेत्रों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है। विभाग ने कहा है कि बारिश के कारण अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री तक की कमी हो सकती है, जिससे ठंड बढ़ेगी। वहीं, उत्तर बिहार के जिलों में नमी बढ़ने से कोहरा और धुंध छाये रहने की संभावना है।

---

अररिया के जिलाधिकारी बिनोद दुहन ने भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार नरपतगंज प्रखंड के राजस्व कर्मचारी इम्तियाज आलम को निलंबित कर दिया है। निगरानी की टीम ने कल उसे पंद्रह हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया था।

---

बक्सर जिले के राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या–तीन सौ उन्नीस ए पर रोहिणीभान के पास दो मोटरसाईकिल की भीषण टक्कर में मोटरसाईकिल सवार तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे के समय दोनों मोटरसाईकिल काफी तेज रफ्तार में थीं और मोटरसाईकिल सवारों ने हेलमेट भी नहीं लगा रखा था। दुर्घटना के बाद बक्सर–चौसा मोहनिया सड़क पर यातायात काफी देर तक बाधित रहा।

---

पटना पुलिस ने जिले के दस कुख्यात अपराधियों पर पच्चीस–पच्चीस हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पटना प्रक्षेत्र के आईजी जितेन्द्र राणा ने आज उन दस अपराधियों की सूची जारी की है।

---

अररिया जिले के भारत–नेपाल सीमा क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में प्रतिबंधित कोडीनयुक्त सिरप के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केंद्र सरकार का महत्वपूर्ण फैसला – अटल पेंशन योजना को मिला अवधि विस्तार। दो हजार इकतीस तक रहेगी जारी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के तहत आज सारण जिले में पांच सौ अड़तीस करोड़ रूपये की उनसठ विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

03. विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा – पारदर्शिता, निगरानी और नागरिक सहभागिता लोकतंत्र का मजबूत आधार है।

04. और, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – राज्य में बंद पड़ी सभी चीनी मिलें चालू की जायेंगी। रोजगार के लिए किसी को प्रदेश से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।